भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1107
गुरुवार, दिनांक 27 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर चालित नौका</u>

1107. श्री हिबी इडनः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि प्रथम सौर फेरी/सौर ऊर्जा चालित नौका ने केरल राज्य में अपने संचालन के दो वर्षों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार उपर्युक्त सौर ऊर्जा चालित नौकाओं के उत्पादन को बढ़ावा देने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार उपर्युक्त सौर ऊर्जा चालित नौकाओं के उत्पादन/खरीद हेतु कोई राजसहायता प्रदान करने का भी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) जी हाँ। "आदित्य" नाम से सौर फेरी/सौर विद्युत संचालित बोट ने केरल अंतर्देशीय जलमार्ग में राज्य जल परिवहन विभाग के माध्यम से अपना दो साल का प्रचालन सफलतापूर्वक पूरा किया है । वर्तमान में जलयान 2.5 किलोमीटर प्रतिदिन की दूरी से साथ 22 फेरी लगा रहा है ।

(ख) से (ङ) वर्तमान में भारत सरकार की सौर ऊर्जा से चलने वाली नौकाओं के उत्पादन/खरीद के लिये सब्सिडी प्रदान करने की कोई योजना नहीं है ।

****